# अक्सर पूछे जाने वाले सवाल – प्रीपेड मीटरिंग

**प्र.1.** प्रीपेड मीटरिंग के लिए कौन आवेदन कर सकता है?
उत्तर : वैल्यू पावर मीटर्स यानी प्रीपेड मीटर्स 45 किलोवाट तक के स्वीकृत लोड वाले कनेक्शंस के लिए उपलब्ध हैं। सरकारी और Private Connections in case of Tenant से संबंधित बिजली कनेक्शंस के लिए उपलब्ध हैं।

**प्र.2.** प्रीपेड मीटर के लिए आवेदन कैसे करें?
उत्तर : नए कनेक्शन का अनुरोध रजिस्टर करने के लिए, उपभोक्ता निम्नलिखित विकल्पों का उपयोग कर सकते हैं :

- ऑनलाइन माध्यम से हमारी वेबसाइट http://www.tatapower-ddl.com/ पर कस्टमर सर्विसेस सेक्शन पर
- टाइप करें TPDDL NEW और उसे 56070 पर भेज दें
- हमारे 24X7 टोल फ्री संपर्क केंद्र हेल्पलाइन नंबर 19124 पर कॉल करें
- अपने संबंधित डिस्ट्रिक्ट कस्टमर केयर सेंटर जाकर

**प्र.3.** कौन से दस्तावेजों की जरूरत होती है?
उत्तर : नए कनेक्शन के लिए आवश्यक दस्तावेजों का उल्लेख Table 1.
में किया गया है।

**प्र.4.** क्या प्रीपेड मीटर का टैरिफ सामान्य मौजूदा पोस्टपेड कनेक्शन से अधिक है?
उत्तर : नहीं प्रीपेड मीटर्स का टैरिफ पोस्टपेड कनेक्शन के बराबर ही है।

**प्र.5.** पोस्टपेड कनेक्शन को प्रीपेड में और प्रीपेड को पोस्टपेड कनेक्शन में कैसे बदला जा सकता है?
उत्तर : पोस्टपेड कनेक्शन को प्रीपेड कनेक्शन या प्रीपेड को पोस्टपेड में करने के लिए, उपभोक्ता इनमें से कोई विकल्प का उपयोग कर अपना अनुरोध दर्ज करा सकते हैं :

- हमारे 24X7 टोल फ्री संपर्क केंद्र हेल्पलाइन नंबर 19124 पर कॉल करें
- अपने संबंधित डिस्ट्रिक्ट कस्टमर केयर सेंटर जाकर
- customercare@tatapower-ddl.com पर ईमेल करके

**प्र.6.** क्या पोस्टपेड से प्रीपेड में बदलने या नया कनेक्शन लगावाने के लिए मुझे सिक्योरिटी डिपॉजिट या मीटर की लागत का भुगतान करना होगा?
उत्तर : नहीं, उपभोक्ता को प्री–पेड मीटरिंग के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट या मीटर की लागत का भुगतान करने की जरूरत नहीं है।

**प्र.7.** अगर मेरा क्रेडिट खत्म हो जाए तो क्या होगा?
उत्तर : आपको पूर्व निर्धारित क्रेडिट सीमा पर अलार्म मिलेगा। आपकी आपूर्ति शाम 5 बजे से अगले दिन सुबह 10 बजे तक **बंद** नहीं होगी। रविवार को भी आपूर्ति **बंद** नहीं होगी। अगर आपका क्रेडिट शून्य हो जाता है तो प्रीपेड मीटर आपको आपके स्वीकृत लोड के मुताबिक प्रति किलोवाट 60 रुपये की इमरजेंसी क्रेडिट देगा।

**प्र.8.** मैं कितना खरीद सकता हूं?
उत्तर : आप प्रति ट्रांजेक्शन 100 रुपये से 4,000 रुपये के बीच 100 रुपये के गुणक में कितनी भी राशि की खरीद कर सकते हैं।

**प्र.9.** मैं कहां से खरीद सकता हूं?
उत्तर : आप अपने संबंधित टाटा पावर–डीडीएल कैश कलेक्शन सेंटर्स से नकद या/डीडी के माध्यम से बिजली खरीद सकते हैं।
(नोटः प्री–पेड कूपन्स एटीपीएम में उपलब्ध नहीं हैं)

**प्र.10.** क्या रीचार्ज कूपन राशि की कोई सीमा है, जिसे दर्ज किया जा सकता है?
उत्तर : हां, मीटर उपभोक्ता के स्वीकृत लोड के आधार पर राशि जमा कर सकता है।

**प्र.11.** क्या मैं अपने अलार्म को मैनेज कर सकता हूं?
उत्तर : हां, अगर आपका क्रेडिट 100 रुपये से कम हो जाता है तो आपको 30 सेकंड्स का अलर्म मिलेगा। इसे बंद करने के लिए कोई भी बटन दबाएं। अलार्म हर आधे घंटे में बजेगा। आप अपने हिसाब से अपनी सुविधानुसार भी लिमिट निर्धारित कर सकते हैं। (अपने वाहन के रिजर्व की तरह)।

**प्र.12.** क्या होगा अगर मैं अपना रीचार्ज कूपन गुम कर दूं?
उत्तर : टाटा पावर–डीडीएल कैश कनेक्शन सेंटर पर जाएं, जहां आपने भुगतान किया है और आपकों वहां फिर से रीचार्ज कूपन जारी कर दिया जाएगा। कूपन विशिष्ट तौर पर आपके मीटर के लिए होता है और इसे दूसरे उपभोक्ता द्वारा इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा, आप इनमें से कहीं भी संपर्क कर सकते हैं :

- हमारे 24X7 टोल फ्री संपर्क केंद्र हेल्पलाइन नंबर 19124 पर कॉल करें
- अपने संबंधित डिस्ट्रिक्ट कस्टमर केयर सेंटर जाएं
- customercare@tatapower-ddl.com पर ईमेल करें